# बीडीएम इंटरनेशनल ने मनाया फाउंडेशन डे समारोह




**कोलकाता.** बीडीएम इंटरनेशनल स्कूल ने अपने 60वें फाउंडेशन डे (डायमंड जुबली) के उपलक्ष्य में समारोह का आयोजन किया. कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल परिसर के विभिन्न आधुनिक केंद्रों- एयरोस्पेस लैब, इनोवेशन लैब और आर्ट एग्जिबिशन के अवलोकन से हुई, जहां विद्यालय की नवाचार क्षमता और रचनात्मकता की झलक देखने को मिली. प्रकृति के प्रति प्रतिबद्धता दिखाते हुए सीइओ एसएल गुप्ता, प्रिंसिपल मधुमिता सेनगुप्ता व स्कूल प्रबंधन समिति ने पौधारोपण किया. इस अवसर पर विद्यालय के पूर्व शिक्षक और पूर्व छात्र भी मौजूद रहे. वाइस प्रेसिडेंट उत्सव खेतान ने वर्चुअल माध्यम से शुभकामनाएं देते हुए पिछले तीन वर्षों में कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा में दो राष्ट्रीय टॉपर देने के लिए स्कूल परिवार को बधाई दी और विद्यार्थियों को नयी ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए प्रेरित किया. समारोह के दौरान दीप प्रज्ज्वलन कर संस्थापक स्व जीएन खेतान, द्रौपदी देवी खेतान और फाउंडर प्रिंसिपल उषा मेहता को श्रद्धांजलि दी गयी. ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों को सम्मानित किया गया. सीइओ एसएल गुप्ता ने विद्यालय की 60 वर्षों की गौरवशाली यात्रा का उल्लेख करते हुए भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला और शैक्षणिक व सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्टता तथा छात्रों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया. इस मौके पर स्कूल के नये प्रतीक चिह्न (लोगो) का अनावरण भी किया गया. प्रतीक चिह्न प्रतियोगिता में कक्षा छह से 12 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें श्रेष्ठ तीन प्रतिभागियों को रजत सिक्कों से सम्मानित किया गया. कार्यक्रम के अंत में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और स्कूल बैंड की आकर्षक प्रस्तुति ने समारोह को यादगार बना दिया.